टीका- देशान्तर वास, भ्राता का वियोग, दुःख, मन को उद्वेग, रोग, भय, चौर, पीड़ा और सञ्चित धन का नाश करना यह रविदशा का फल है ॥ ४१६ ॥

चन्द्र की अन्तर्दशा—

हेमादिभूतिवरवाहनयानलाभः शत्रौ प्रतापबलवृद्धिपरम्परा च ।
इष्टान्नदानशयनासनभोजनानि नूनं सदा शशिदशागमने भवन्ति ४१७

टीका- चन्द्रमा की दशा में सुवर्णादि ऐश्वर्य और अश्व, गज, पालकी, इत्यादि वाहन लाभ, शत्रु-पराजय, बल-वृद्धि और नाना प्रकार के सुरस-अन्नदान, शयन, स्थान, उत्तम आसन भोजन की प्राप्ति होती है ॥ ४१७ ॥

भौम की अन्तर्दशा—

भूपालचोरभयवह्निकृता च पीडा सर्वाङ्गरोगभयदुःखदुःखिता च ।
चिन्ता ज्वरश्च बहुकष्टदरिद्रयुक्तः स्यात्सदैव कुजदशागमने भवन्ति ॥ ४१८ ॥

टीका—राजा और चोर से भय, और अग्नि से पीड़ा सर्व अङ्गरोग, सदा दुःख और नाना प्रकार की चिन्ता, ज्वर, कष्ट दरिद्र, ये सब भौम की दशा में होते हैं ॥४१८॥

राहु की अन्तर्दशा—

दीनो नरो भवति बुद्धिविहीनचिन्ता
सर्वाङ्गरोगभयदुःखदुःखिता च ।
पापानि बन्धबहुकष्टदरिद्रयुक्तो
राहोर्दशा जननकालदशा भवन्ति ॥ ४१९ ॥

टीका—राहु की अन्तर्दशा में मनुष्य बुद्धिहीन दीन और चिन्तायुक्त, सर्वाङ्गपीड़ित भययुक्त, दुःखी, बन्धन, कष्ट और दरिद्रता के कारण क्लेश में रहता है ॥ ४१९ ॥

गुरु की अन्तर्दशा—

राज्याधिकारपरिवर्द्धितचित्तवृत्तिर्धर्माधिकारपरिपालनसिद्धिवृद्धिः ।
सद्विग्रहोऽपि धनधान्यसमृद्धिता च स्याद्देवतागुरुदशागमने भवन्ति ॥ ४२० ॥

टीका—राज्याधिकार और चित्तवृत्ति की धर्म में निष्ठा, आरोग्यता, निश्चय करके धन धान्य वृद्धि, यह गुरु की दशा का फल है ॥ ४२० ॥

शनि की अन्तर्दशा—

मिथ्यापवादवधबन्धनमर्थहानि-
र्मित्रे च बन्धुजनेषु च युद्धबुद्धिः ।
सिद्धं च कार्यमपि यत्र सदा विनष्टं
स्यात्सदा शनिदशागमने भवन्ति ॥ ४२१ ॥

टीका—मिथ्यापवाद, दूसरे का वध, बन्धन, द्रव्य का नाश, मित्र तथा बान्धवों से कलह की बुद्धि और कार्य का नष्ट होना शनि की अन्तर्दशा का फल है ॥ ४२१ ॥

बुध की अन्तर्दशा—

दिव्याङ्गनामदनसङ्गमकेलिसौख्यं
नानाविलाससमभिरागमनोभिरामम्।
हेमादिरत्नविभवागम ईशध्यानं
स्यात्सर्वदा बुधदशागमने भवन्ति॥ ४२२॥

टीका-सुन्दर स्त्री और सर्व प्रकार के भोगविलास, सुवर्ण और रत्न आदि की प्राप्ति, धन संग्रह, ईश्वर स्मरण इत्यादि बुध की अन्तर्दशा के फल हैं॥ ४२२॥

केतु की अन्तदशा—

भार्यावियोगजनितं च शरीरदुःखं द्रव्यस्य हानिरतिकष्टपरम्परा च।
रोगश्चबन्धुकलहश्चविदेशिताचकेतोर्दशाजननकालदशाभवन्ति४२३

टीका-स्त्री वियोग, शरीर को दुःख, धननाश, कष्ट, रोग और बन्धुकलह और देशान्तर-गमन ये केतु की दशा के अशुभ फल हैं॥ ४२३॥

शुक्र की अन्तर्दशा का फल—

आरामवृद्धिरपि सर्वशरीरवृद्धिः श्वेतातपत्रधनधान्यसमाकुल च।
आयुःशरीरसुतपौत्रसुखं नराणां द्रव्य च भार्गवदशागमने भवन्ति ४२४

टीका-बाग आदि स्थान की प्राप्ति और शरीर पुष्ट, श्वेत छत्र की प्राप्ति धन धान्य की वृद्धि आयु और पुत्र पौत्र की वृद्धि द्रव्य की प्राप्ति यह शुक्र की दशा का फल है। इसी प्रकार सब ग्रहों की महादशाओं के फल होते हैं। ४२४।

योगिनी दशा के स्वामी—

योगिनी दशा क्रम—

स्वर्क्षं पिनाकिनयनैः संयोज्य वसुभिर्भजेत् ।
योगिन्योऽष्टौ समाख्याताः शून्यपातेन सङ्कटा ॥ ४२६ ॥

टीका—जन्म नक्षत्र में तीन ३, मिलाने और आठ का भाग दे जो शेष बचे तो मङ्गलादि दशा क्रम से जानिये । इनका क्रम कोष्ठक में लिखा है । पूर्वाभाद्रपदा से योगिनी दशा प्रारम्भ होती है ॥ ४२६ ॥

योगिनी दशा के नाम—

मङ्गला पिङ्गला धान्या भ्रामरी भद्रिकापि च ।
उल्का सिद्धा सङ्कटा च योगिन्यष्ट दशा स्मृताः ॥ ४२७ ॥

टीका—मङ्गला, पिङ्गला, धान्या, भ्रामरी, भद्रिका, उल्का, सिद्धा, सङ्कटा ये आठों योगिनी-दशाओं के नाम क्रम से जानिये ॥ ४२७ ॥

वर्ष संख्या—

एकं द्वे त्रीणि वेदाश्च पञ्चषट्सप्तमानि च ।
अष्टवर्षाणि हि भवेन्मङ्गलादावनुक्रमात् ॥ ४२८ ॥
दशावर्षदिनानि स्युर्यानि षट्त्रिंशता भजेत् ।
लब्धान्येकादिनिघ्नानि दिनाद्यन्तर्दशा भवेत् ॥ ४२९ ॥

टीका—मङ्गलादि दशाओं के वर्ष १, २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, वर्ष संख्या के दिवस [illegible] उन में अन्तर्दशा लाने की रीति । प्रथम दशा वह एक तिसके ३६० दिन में ३६ का भा[illegible] देने से लब्धि निकल आती है इसी रीति से दशा और अन्तर्दशा निकाल लीजिये ॥४[illegible]

अन्तर्दशा में विशेष—

अथान्तर्दशायाः प्रकारं प्रवच्मि वार्षिकं तथा स्वस्ववर्षेण गुण्यम् ।
ततः षट्त्रिभिर्लब्धवर्षादिका सा सदा खेटविद्भिर्विधेया फलार्थम् ४३[illegible]

पिङ्गला का फल—

दुःखशोककुलरोगवर्धिनी व्यग्रता च कलहः सजनैश्च ।
अन्यभागकथिता फलदात्री पिङ्गला च विदुषां सुखदात्री ॥४२२॥

टीका-पिङ्गला की दशा में अल्प सुख प्राप्त होता है और [illegible] दुःख होता है,
कुल में रोग की वृद्धि, मित्र से व्यग्रता और सज्जन से तकरार होता है ॥४२२॥

धान्या का फल—

धनं धान्यवृद्धिं धराधीशमान्यं सदा युद्धभूमौ जयं वैरिवर्गात् ।
कलत्राङ्गजानां सुखं चित्रवस्त्रैर्युतं धान्यका धान्यवृद्धिं करोति ॥४२३॥

टीका-धान्या की दशा में धन की प्राप्ति, राजा से सम्मान, युद्ध में जय,
स्त्री पुत्रों का सुख, अनेक तरह के वस्त्रों का लाभ इत्यादि होता है ॥४२३॥

भ्रामरी का फल—

विदेशे भ्रमं हानिमुद्वेगतां च कलत्राङ्गपीडां सुखैर्वर्जितत्वम् ।
ऋणं व्याधिवृद्धिः जनानां प्रकोपं दशा भ्रामरी भ्रामयेत्सर्वदेशम् ॥४२४॥

टीका-परदेश में घूमने फिरना, सुख में हानि होना, स्त्री को पीड़ा होना, सुख
रहित होना, ऋणिया होना, रोग वृद्धि होना, जन का प्रकोप होना, देश २ फिरना
यह भ्रामरी दशा के फल हैं ॥४२४॥

भद्रिका का फल—

धनानन्दवृद्धिर्गुणानां प्रकाशं समीचीनवस्त्रागमं राजमान्यम् ।
अलङ्कारदिव्याङ्गनाभोगसौख्यं सदा भद्रिका भद्रकार्यं करोति ॥४२५॥

टीका-धन की वृद्धि, आनन्द की वृद्धि, गुण का प्रकाश, उत्तम वस्त्रप्राप्ति, राज
मान्य, भूषण की प्राप्ति, स्त्री भोगादि का सुख और कल्याण होना भद्रिका दशा
के फल हैं ॥४२५॥

उल्का का फल—

श्रमं व्याधिकष्टं ज्वराणां प्रकोपं धने देशदारादिकानां वियोगम् ।

गोत्रैर्विवादं सुहृद्बन्धुवैरं दशा चोल्किकाऽनर्थकारी सदैव॥४३६॥

टीका—भ्रमण, रोग, दुःख, ज्वर का कोप, धनवियोग, देशवियोग, स्त्रीवियोग, गोत्र में कलह, मित्र और बन्धु से वैर और नानाप्रकार के अनर्थ ये उल्का दशा के फल हैं ॥ ४३६ ॥

सिद्धा का फल—

राज्याभिमानं स्वजनादिसौख्यं धान्यादिलाभं गुणकीर्तिसिद्धिम् ।
राज्यादिलाभं सुतवृद्धिसौख्यं सिद्धिं च सिद्धा प्रकरोति पुंसाम्॥४३७॥

टीका—राज्याभिमान बन्धुजन में सुख होना, धान्यादिलाभ, गुणसिद्धि, कीर्तिवृद्धि, राज्यादिप्राप्ति, पुत्रवृद्धि, सुख और सब काम की सिद्धि सिद्धा दशा में होती है ॥ ४३७ ॥

प्रकारान्तर—

जनानां विवादं ज्वराणां प्रकोपं कलत्रादिकष्टं पशूनां हि नाशम् ।
गृहे स्वल्पवासं प्रवासाभिलाषं दशा सङ्कटा सङ्कटं राजपक्षात् ॥४३८॥

टीका—जनो में कलह, ज्वर की पीडा, स्त्री आदि का कष्ट, पशुओं का नाश, घर में थोड़ा रहना, प्रवास में अभिलाष राजपक्ष से सङ्कट होना ये सङ्कटा दशा के फल हैं। ४३८।

मङ्गला मङ्गलानन्दयशोद्रविणदायिनी ।
पिङ्गला तनुते व्याधिं मनसो दुःखसम्भ्रमौ ॥ ४३९ ॥
धान्या धनसुहृद्बन्धुरूपसीमन्तिकारिणी ।
भ्रामरी जन्मभूमिभ्रंशं भ्रामयेत्सर्वतो दिशम् ॥ ४४० ॥
भद्रिका सुखसम्पत्तिविलासवशदायिनी ।
उल्का राज्यधनारोग्यहारिणी दुःखकारिणी ॥ ४४१ ॥
सिद्धा साधयते कार्यं नृणां वै सुखदा भवेत् ।
सङ्कटा सङ्कटव्याधिमरणक्लेशकारिणी ॥ ४४२ ॥

टीका—पहले मङ्गला दशा का फल—धन [illegible]
और पिङ्गला का फल शरीर में पीड़ा और मन को दुःख [illegible]

गोत्रैर्विवादं सुहृद्वन्धुवैरं दशा चोल्किकाऽनर्थकारी सदैव॥४३६॥

टीका—भ्रमण, रोग, दुःख ज्वर का कोप, धनवियोग, देशवियोग, स्त्रीवियोग, …म में कलह, मित्र और बन्धु से वैर और नानाप्रकार के अनर्थ ये उल्का दशा के …त है ॥ ४३६ ॥

सिद्धा का फल—

…ज्याभिमानं स्वजनादिसौख्यं धान्यादिलाभं गुणकीर्तिसिद्धिम् ।
…ज्यादिलाभं सुतवृद्धिसौख्यं सिद्धिं च सिद्धा प्रकरोति पुंसाम्॥४३७॥

टीका—राज्याभिमान बन्धुजन से सुख होना, धान्यादिलाभ, गुणसिद्धि, कीर्ति-…द्धि, राज्यादिप्राप्ति, पुत्रवृद्धि, सुख और सब काम की सिद्धि सिद्धा दशा में …ती है ॥ ४३७ ॥

प्रकारान्तर—

…नानां विवादं ज्वराणां प्रकोपं कलत्रादिकष्टं पशूनां हि नाशम् ।
…हे स्वल्पवासं प्रवासाभिलाषं दशा सङ्कटा सङ्कटं राजपक्षात् ॥४३८॥

टीका—जनों में कलह, ज्वर की पीड़ा, स्त्री आदि का कष्ट, पशुओं का नाश, घर में …ड़ा रहना, प्रवास में अभिलाष राजपक्ष से सङ्कट होना ये सङ्कटा दशा के फल है॥४३८॥

मङ्गला मङ्गलानन्दयशोद्रविणदायिनी ।
पिङ्गला तनुते व्याधिं मनसो दुःखसम्भ्रमौ॥ ४३९ ॥
धान्या धनसुहृद्बन्धुरूपसीमन्तिकारिणी ।
भ्रामरी जन्मभूमिघ्नी भ्रामयेत्सर्वतो दिशम् ॥ ४४० ॥
भद्रिका सुखसम्पत्तिविलासवशदायिनी ।
उल्का राज्यधनारोग्यहारिणी दुःखकारिणी ॥ ४४१ ॥
सिद्धा साधयते कार्यं नृणां वै सुखदा भवेत् ।
सङ्कटा सङ्कटव्याधिमरणक्लेशकारिणी ॥ ४४२ ॥

टीका—पहले मङ्गला दशा का फल—शुभकार्य, आनन्द, यश और द्रव्यप्राप्ति है और …सरे पिङ्गला का फल शरीर में पीड़ा और मन को दुःख तथा भ्रम का होना, तीसरे

धान्या का फल-धनप्राप्ति, मित्र और बन्धुओं से मिलाप, आरोग्यता चौथे भ्रामरी का फल स्थान का नाश दिशाओं में भ्रमण होता है, पाँचवें फल-सुख, सम्पत्ति, विलास, यश इत्यादि, छठें उल्का का राजभय, धननाश, ग्रस्त और पीड़ा, सातवें सिद्धा का कार्य सिद्धि और सुखप्राप्ति, ८ वें संकटा का फल-व्याधि, मरण और क्लेश का होना यह आठों दशाओं के फल हैं ।

विशेष दशा का विचार तथा फल-

रविदिननखसंख्या चन्द्रमाव्योमबाणैः
क्षितितनयगजाश्वा चन्द्रजः षट् शराश्च ।
शनिरसगुणसंख्या वाक्पतिर्नागबाणै-
र्नयनयुगकराहुः सप्ततिः शुक्रसंख्या ॥ ४४३ ॥
जन्मना विंशतिः सूर्ये तृतीये दश चन्द्रमाः ।
चतुर्थे भौम चाष्टौ च षष्ठे बुधचतुर्थकम् ॥ ४४४ ॥
सप्तमं दश सौरिः स्यान्नवमे चाष्टमे गुरोः ।
दशमे राहु विंशत्या तदूर्ध्वं तु भृगोर्दशा ॥ ४४५ ॥

पन्था भोगोऽनुतापश्च सौख्यं पीडा धनं क्रमात् ।
नाशः शोकश्च सौख्यं च जन्मसूर्यदशाफलम् ॥ ४४६ ॥

टीका-चर्यदशा का आरम्भ उसका क्रम जिस मास में जिसको जन्मराशि के सूर्य हों सो द्वादश स्थान भोगते हैं और सब दशा का क्रम इसी रीति पर है । २० दिवस सूर्य की दशा जन्मस्थान से होती है उसका फल मार्ग चलना है । ५० दिवस चन्द्रमा का दशा तीसरे स्थान के १० दिवस रवि भोगते हैं उसका फल नाना प्रकार के भाग हैं ॥

२८ दिवस मङ्गल की दशा चौथे स्थान आठ दिवस रवि भोगते हैं उसका फल रोग और सन्तोष है ॥

५६ दिवस बुध की दशा छठें स्थान ४ दिवस रवि भोगता है उसका

३६ दिवस शनि की दशा सप्तम स्थान १० दिवस रवि भोगते हैं उसका फल गाढ़ा कष्ट है ।

५८ दिवस गुरु की दशा नवम स्थान ८ दिन रवि भोगते है उसका फल धनप्राप्ति है।
५२ दिवस राहु की दशा दशम स्थान २७ दिन रवि भोगते है जिसका फल सब प्रकार
ा सोच है ॥

७० दिवस शुक्र की दशा द्वादश स्थान में रवि सम्पूर्ण भोगते है उसका फल सर्व-
सुखकारक है ॥ ४४३-४४६ ॥

ग्रहो की नित्यानित्य दशाओ का प्रकार—

तिथिवारं च नक्षत्रं नामाक्षरसमन्वितम् ।
नवभिश्च हरेद्भागं शेषं दिनदशोच्यते ॥ ४४७ ॥
रविचन्द्रौ भौमराहुगुरुमन्दज्ञकेसिताः ।
क्रमेणैता दशा ज्ञेया फलं पूर्वोक्तमेव हि ॥ ४४८ ॥

टीका—गततिथि, वार, नक्षत्र और अपने नाम के अक्षर इन सबको इकट्ठा करके ९ का भाग दे। शेष १ रहे तो रवि की दशा, २ बचे तो चन्द्रमा की, ३ बचे तो भोम की, ४ शेष रहे तो राहु की, ५ बचे तो गुरु की, ६ शेष रहे तो शनि की, ७ बचे ता बुध की, ८ शेष रहे तो केतु की, और कुछ न बचे तो शुक्र की दशा जानिये। इसी प्रकार नित्य दशा क्रम से जानिये और फल वर्ष दशा के तुल्य जानिये ॥ ४४७—४४८ ॥

दूसरा मत—

जन्मताराचतुर्गुण्यं तिथिवारसमन्वितम् ।
नवभिश्च हरेद्भागं शेषं दिनदशोच्यते ॥ ४४९ ॥
रविणा शोकसन्तापौ शशाङ्के क्षेमलाभकौ ।
भूमिपुत्रे तु मृत्युः स्याद् बुधे प्रज्ञाविवर्द्धनम् ॥ ४५० ॥
गुरौ वित्तं भृगौ सौख्यं शनौ पीडा न संशयः ।
राहौ घातो भवेन्नृणां केतौ मृत्युर्दशा फलम् ॥ ४५१ ॥

टीका—जन्म नक्षत्र को चतुर्गुण कर उसमें गततिथि और वार मिला कर ९ का भाग दे। १ शेष रहे तो एक दिन की रवि की दशा जानिये। फल—शोकसन्तापकारक, २ शेष रहे तो चन्द्रमा की दशा, फल—कल्याण व लाभकारक, और ३ शेष रहे तो मङ्गल की दशा फल—मृत्यु-कारक, ४ शेष रहे तो बुध की दशा फल—बुद्धि वृद्धि,

५ शेष रहे तो गुरु की दशा, फल-वित्तप्राप्ति, ६ बचे तो शुक्र की दशा, ७ शेष रहे तो शनि की दशा, फल-पीड़ाकारक, ८ शेष रहे तो राहु की दशा, और जो कुछ न बचे तो केतु की दशा, फल-मृत्यु, इस प्रकार से फल आदि

गोचरप्रकरण ।

कौन २ ग्रह कितने मास एक राशि को भोगते हैं—

मासं शुक्रबुधादित्याः सार्द्धमासं तु मङ्गलः ।
त्रयोदश गुरुश्चैव सपादद्विदिनं शशी ॥ २५२ ॥
राहुरष्टादशान्मासान् त्रिंशन्मासाञ्शनैश्चरः ।
राहुवत्केतुरुक्तस्तु राशिभोगाः प्रकीर्तिताः ॥ २५३ ॥

तथा फल—

सूर्यः पञ्चदिनं शशी त्रिघटिका भौमोऽष्ट वै वासरान्
सप्ताहं ह्युशना बुधस्त्रिदिवसं मासद्वयं वै गुरुः ।
षड्मासं रविजस्तथैव सततं स्वर्भानुमासद्वये
केतुश्चैव तथा फलं परिमितं ज्ञेयं ग्रहाणां फलम् ॥२५४॥
राशिप्रवेशे सूर्यारौ मध्ये शुक्रबृहस्पती ।
राहुश्चन्द्रः शनिश्चान्ते सौम्यश्चैव सदा शुभः ॥ २५५ ॥

टीका—उनके दिनों की संख्या का क्रम अनुक्रम से लिखते हैं ॥

सूर्य-एक मास एक राशि भोगते हैं उनमें प्रथम पाँच दिन फल देते हैं ॥

चन्द्रमा-सवा दो दिन एक राशि भोगते हैं और अन्त की ३ घटिका फल देते हैं ॥

मङ्गल-डेढ़ मास एक राशि भोगते हैं और प्रथम ८ दिवस फल देते हैं ॥

बुध-एक मास एक राशि भोगते हैं और सब दिन फल देते हैं ॥

गुरु—त्रयोदश (१३) मास एक राशि भोगते हैं उसका फल मध्यम भाग के मास में देते हैं ॥

शुक्र-एकमास एकराशि भोगते हैं और मध्यम भाग में सात दिवस फल देते

शनि-३० मास एक राशि भोगते हैं और अन्त के छ महीने फल देते हैं ॥

राहु और केतु—अठारह मास एकराशि भोगते हैं और अन्त में दो मास देते हैं ॥ २५२-२५५ ॥

द्वादशभवन के स्थानो के नाम तथा शुभाशुभ फल--

त्रादौ तनुधनसहजसुहृत्सुतरिपवश्च ।
नाया मृत्युर्धर्मकर्माऽऽयव्ययाख्यानि द्वादशभवनानि ॥ ४५६ ॥
सूर्यः स्थानविनाशं भयं श्रिय मानहानिमथ दैन्यम् ।
वेजयं मार्गं पीडां सुकृतं हन्ति सिद्धिमायुरथ हानिम् ॥ ४५७ ॥
न्द्रोऽन्नं च धनं सौख्यं रोगं कार्यक्षतिं श्रियम् ।
स्रेयं मृत्युं नृपभयं सुखमायव्ययं क्रमात् ॥ ४५८ ॥
भौमोऽरिभीतिं धननाशमर्थं भयं तथाऽर्थं क्षतिमर्थलाभम् ।
धनात्ययं शत्रुभयं च पीडां शोकं धनं हानिमनुक्रमेण ॥ ४५९ ॥
धस्तु वन्धं धनमन्यभीतिं धनं रुजस्थानमथो च पीडाम् ।
अर्थं रुजं सौख्यमथ त्वसौख्यमर्थक्षतिं जन्मगृहात्करोति ॥ ४६० ॥
गुरुर्भयं धन क्लेशं धननाशं सुखं शुचम् ।
मानं रोगं सुखं दैन्यं लाभं पीडां च जन्मभात् ॥ ४६१ ॥
कविः शत्रुनाशं धनं सौख्यमर्थं सुताप्तिं रिपोः साध्वसं शोकमर्थम् ।
सुहृद्वस्त्रलाभं विपत्ति धनाप्तिं धनाप्तिं तनोत्यात्मनो जन्मराशेः ४६२
शनिः सर्वनाशं तथा वित्तनाशं धन शत्रुवृद्धिं सुतादेः प्रवृद्धिम् ।
श्रियं दोषसन्धि रिपुं द्रव्यनाशं तथा दौर्मनस्य दिशेद्बह्वनर्थम् ४६३
राहुर्हानिं तथा नैःस्वं धनं वैरं शुचं श्रियम् ।
कलिं वसुं च दुरितं वैरं सौख्यं शुचं क्रमात् ॥ ४६४ ॥
केतुः क्रमाद्रुजं वैर सुखं भीतिं शुचं धनम् ।
ख्यातिं गदं दुष्कृतं च शोकं कीर्तिं च शत्रुताम् ॥ ४६५ ॥

टीका--इसका अर्थ आगे चक्र में स्पष्ट देख लेना । ४५६--६५ ।

टीका—आधान, सम्प्रधान, गृह, पुंसवनादि, विवाह और यात्रा में चन्द्रमा शुभ होता है ॥ ४७२ ॥

नेष्टस्थान के अनुसार चन्द्रमा का फल—

द्विपञ्चनवमे शुक्ले श्रेष्ठचन्द्रो हि उच्यते ।
अष्टमे द्वादशे कृष्णे चतुर्थे श्रेष्ठ उच्यते ।
शुक्लपक्षे बली चन्द्रः कृष्णे तारा बलीयसी ॥ ४७३ ॥

टीका-दूसरे, पाँचवें अथवा नवम स्थान में चन्द्रमा हो तो शुक्लपक्ष में जानिये, तैसे ही कृष्णपक्ष में आठवें, बारहवें, और चौथे स्थान का श्रेष्ठ परन्तु शुक्लपक्ष में चन्द्रमा बल और कृष्णपक्ष में तारावल श्रेष्ठ है, यह जानिये ॥

ग्रहों के नेष्ट स्थान—

ये खेचरा गोचरतोऽष्टवर्गाद्दशा क्रमाद्वाऽप्यशुभाः भवन्ति ।
दानादिना ते सुतरां प्रसन्नास्तेनाधुना दानविधिं प्रवक्ष्ये ॥४

टीका-गोचर का अथवा अष्टवर्ग का किंवा दशाक्रम का जो ग्रह नेष्ट स्थान में हो, उसके प्रसन्न करने, के लिये दान करावें इस कारण अब दान की विधि कहते हैं ॥४७४॥

वारों के अनुसार दान—

भानुस्ताम्बूलदानादपहरति नृणां वैकृतं वासरोत्थं
सोमः श्रीखण्डदानादवनिसुतबुधो भोजनात्पुष्पदानात् ॥
सौम्यः शुक्रस्य मन्त्री गुरुहरभजनाद्भार्गवः शुभ्रवस्त्रात्
तैलस्नानात्प्रभाते दिनकरतनयो ब्रह्मनत्या परे च ॥ ४७५ ॥

टीका-सूर्य ताम्बूलदान से, चन्द्रमा चन्दन के दान से, मङ्गल भोजन और पुष्प दान से, बुध शास्त्रोक्त मन्त्र के जप से, गुरु शिव के आराधन और भोजन से, शुक्र श्वेत वस्त्र से, शनि प्रातःकाल तैल स्नान करने से और बाकी राहु केतु विप्रसन्मान से अपने अपने अशुभ फलों को दूर कर शुभ फलदायक होते हैं ॥ ४७५ ॥

ग्रहों के दान और जप ।

रवि—

माणिक्यगोधूमसवत्सधेनुः कौसुम्भवासोगुडहेमताम्रम् ।
आरक्तकं चन्दनमम्बुजं च वदन्ति दानं हि विरोचनाय ॥४७६॥

चन्द्रमा—

सद्वंशपात्रस्थिततण्डुलांश्च कर्पूरमुक्ताफलशुभ्रवस्त्रम्।
युगोपयुक्तं वृषभं च रौप्यं चन्द्राय दद्यात् घृतपूर्णकुम्भम् ॥ ४७७ ॥

भौमः—

प्रवालगोधूममसूरिकाश्च वृषारुणाश्चापि गुडः सुवर्णम्।
आरक्तवस्त्रं करवीरपुष्पं ताम्रं च भौमाय वदन्ति दानम्॥ ४७८ ॥

बुधः—

वर्णञ्च नीलं कलधौतकांस्यं मुद्गाज्यगारुत्मकसर्वपुष्पम्।
दासीं च दन्तं द्विरदस्य नूनं वदन्ति दानं विधुनन्दनाय ॥४७९॥

गुरुः—

शर्करा च रजनी तुरङ्गमः पीतधान्यमपि पीतमम्बरम्।
पुष्परागलवणं सकाञ्चनं प्रीतये सुरगुरोः प्रदीयते ॥ ४८० ॥

शुक्रः—

चित्राम्बरं शुभ्रतुरङ्गमं च धनुश्च वज्रं रजतं सुवर्णम्।
सतण्डुलानुत्तमगन्धयुक्तं वदन्ति दानं भृगुनन्दनाय ॥ ४८१ ॥

शनिः—

माषाश्च तैलं विमलेन्द्रनीलं तिलाः कुलत्था महिषी च लोहम्।
कृष्णा च धेनुः प्रवदन्ति नूनं तुष्ट्यै च दानं रविनन्दनाय ॥ ४८२ ॥

राहुः—

गोमेदरत्नं च तुरङ्गमश्च सुनीलचैलामलकम्बलं च।
तिलाश्च तैलं खलु लोहमिश्रं स्वर्भानवे दानमिदं वदन्ति ॥ ४८३ ॥

केतुः—

वैडूर्यरत्नं सतिलं च तैलं सुकम्बलश्चापि मदो मृगस्य ।
शस्त्रं च केतोः परितोषहेतोश्छागस्य दानं कथितं मुनीन्द्रैः ॥ १

ग्रहों का जप—

रवेः सप्तसहस्राणि चन्द्रस्यैकादशैव तु ।
भौमे दशसहस्राणि बुधे चाष्टसहस्रकम् ॥ ४८५ ॥
एकोनविंशतिर्जीवे शुक्रे एकादशैव तु ।
त्रयोविंशति मन्दे च राहोरष्टादशैव तु ॥ ४८६ ॥
केतौ सप्तसहस्राणि जपसंख्या प्रकीर्तिता ।

टीका—इन श्लोकों का अर्थ चक्र में देखिये ॥ ४७६–४८६ ॥

ग्रह	रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
	माणिक	वेणुपात्र युक्त तण्डुल	मूँगा	काला बैल	शर्करा	चित्रवस्त्र	उडद	गोमेद	वैडूर्य
	गेहूँ	कपूर	गेहूँ	सोना	हलदी	श्वेत अश्व	तेल	घोडा	रत्न
	गोवत्स	मोती	मसूर	कांस्यपा.	घोडा	गाय	नीलम	नीलवस्त्र	तिल
	रक्तवस्त्र	श्वेतवस्त्र	ताम्रबैल	मूँगा	पीतअन्न	वस्त्र	तिल	कम्बल	तेल
दान	गुड	श्वेतबैल	गुड़	घृत	पीतवस्त्र	रूपा	कुलथी	तिल	कंबल
	सोना	रौप्य	सोना	गारुत्मक	पुष्पराग	सोना	भैंस	तेल	कस्तूरी
	तांबा	रूपा	लालवस्त्र	सर्वपुष्प	नोन	ताम्बूल	लोहा	लोहा	[illegible]
	रक्तचन्दन	घृतकुम्भ	कनेरपुष्प	दासी	सोना	चन्दन	कृष्णगौ	क० पु०	बकरा
	कमल	०	तांबा	हस्तिदन्त	०	०	०	०	०
	७०००	११०००	१००००	८०००	१९०००	११०००	२३०००	१८०००	७०००

ग्रहपीडा निवारणार्थ—

देवब्राह्मणवन्दनाद् गुरुवचःसम्पादनात्प्रत्यहं
साधूनामपि भाषणाच्छ्रु तिरवश्रेयःकथाकारणात् ।
होमादध्वरदर्शनाच्छुचिमनो भावाज्जपाद्दानतः
कुर्वन्तीह कदाचिदेव पुरुषस्यैवं ग्रहाः पीडनम् ॥ ४८७ ॥

टीका—देव और ब्राह्मण को सादर नमस्कार करे और प्रतिदिन गुरु और साधुओ का वचन तथा उत्तम २ कथा का श्रवण करे। होम तथा यज्ञ का दर्शन करे और शुद्ध मन और उत्तम भाव से जप दान करे। जो ग्रहो के निमित्त ऐसे उपाय करे तो पीडा निवृत्त हो जाय और शुभ फल मिले ॥ ४८७ ॥

जातकर्म—

जाते पुत्रे पिता कुर्यान्नान्दीश्राद्धं विधानतः ।
जातकर्म ततः कुर्यादन्यैरालम्भनात्पुरा ॥ ४८८ ॥

टीका—पुत्र उत्पन्न होने पर पिता तत्काल नान्दीश्राद्ध विधिपूर्वक करे। तदनन्तर अन्य जाति से बालक के स्पर्श किये जाने के पूर्व जातकर्म करना शुभ होता है ॥४८८॥

जातकर्ममुहूर्तः—

तज्जातकर्मादिशिशोर्विधेयं पर्वाख्यरिक्तोनतिथौ शुभेऽह्नि ।
एकादशे द्वादशकेऽपि घस्रे मृदुध्रुवक्षिप्रचरोडुपे स्यात् ॥ ४८९ ॥

टीका—पर्व और रिक्ता तिथि को छोड़कर शुभग्रह के दिन मे ११ वे या १२ वे दिन मृदु, ध्रुव और चरसंज्ञक नक्षत्रो मे बालक का जातकर्म करना शुभ होता है ॥ ४८९ ॥

सूतीस्नानमुहूर्तः—

पौष्णध्रुवेन्दुकरवातहयेषु सूतीस्नानं समित्रभरविज्यकुजेषु शस्तम् ।
नार्द्रात्रयं श्रुतिमघान्तकमिश्रमूलत्वाष्ट्रं ससौरिबुधषड्विरिक्ततिथ्याम् ४९०

टीका—रेवती, ध्रुवसंज्ञक मृगशिरा, हस्त, स्वाती, अश्विनी और अनुराधा इतने नक्षत्रो मे तथा रवि कुज और गुरुवार को सूती स्नान शुभ होता है। आर्द्रा,

गोसासीसू शतभिषक्सेसोदादी तु पूर्वभाक् ।
दुथझञा उत्तरा ज्ञेया देदोचाची तु रेवती ॥ ४१८ ॥

टीका-इन श्लोकों का अर्थ चक्र में देखिये ॥ ४१२—४१८ ॥

चू चे चो ला	अश्विनी	हू हे हो डा	पुष्य	रू रे रो ता	स्वाती	जू जे जो खा	अभिजित्
ली लू ले लो	भरणी	डी डू डे डो	आश्लेषा	ती तू ते तो	विशाखा	खी खू खे खो	श्रवण
अ इ उ ए	कृत्तिका	मा मी मू मे	मघा	ना नी नू ने	अनुराधा	गा गी गू गे	धनिष्ठा
ओ वा वी वू	रोहिणी	मो टा टी टू	पूर्वा फल्गुनी	नो या यी यू	ज्येष्ठा	गो सा सी सू	शततारका
वे वो का की	मृगशिरा	टे टो पा पी	उत्तरा फल्गुनी	ये यो भा भी	मूल	से सो दा दी	पूर्वाभाद्र
कू घ [illegible]	आर्द्रा	पू षा णा ठा	हस्त	भू धा फा ढा	पूर्वाषाढा	दू थ झ ञ	उत्तराभाद्र
[illegible]	[illegible]	पे पो रा	चित्रा	भे भो जा जी	उत्तराषाढ	दे दो चा ची	रेवती

मञ्चकारोहण—

...तीपुष्यचित्रा-
...ात्र्युत्तरा स्वातिहस्ताः ।
...्यलग्नेऽर्भकस्य
...ूवैर्मञ्चकारोहणं तु ॥ ४१९ ॥

..., धनिष्ठा, रेवती, पुष्य, चित्रा, शतभिषा, अनुराधा,
...न नक्षत्रों में और बुध, शुक्र, गुरु दे वार और तुला,

पुनर्वसु, पुष्य, श्रवण, मघा, भरणी, मिश्रसंज्ञक मूल और चित्रा तथा बुध और शनिवार तथा अष्टमी, षष्ठी, द्वादशी और रिक्ता तिथि ये अशुभ हैं ॥ ४१० ॥

नामकरण--

पुष्यार्कत्रयमैत्रभे तु मृगभे ज्येष्ठाधनिष्ठोत्तरा-
दित्याख्येषु च नामकर्म शुभदं योगे प्रशस्ते तिथौ ।
अह्नि द्वादशके तथाऽन्यदिवसे शस्ते तथैकादशे
गोसिंहालिघटेषु चार्कबुधयोर्जीवे शशाङ्केऽपि च ॥ ४११ ॥

टीका--पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, मृगशिरा, ज्येष्ठा, धनिष्ठा, उत्तरात्रय, न॰ , ये नक्षत्र शुभ तथा अच्छे योगों में और जन्म से ११ अथवा १२ दिवस में और सिंह कुम्भ और वृश्चिक ये और वार बुध गुरु शुक्र शशाङ्क अर्थात् चन्द्रवार में शुभ हैं । रिक्ता तिथि और दुष्ट योगादिक नामकरण में वर्जित हैं ॥४११॥

नाम का अवकहडा चक्र—

चूचेचोलाऽश्विनी प्रोक्ता लीलूलेलो भरण्यथ ।
आईउए कृत्तिका स्यादोवावीवू तु रोहिणी ॥ ४१२ ॥
वेवोकाकी मृगशिरः कुघङच्छा तथार्द्रका ।
केकोहाही पुनर्वसुर्हुहेहोडा तु पुष्यभम् ॥ ४१३ ॥
डीडूडेडो तु आश्लेषा मामीमूमे मघा स्मृता ।
मोटाटीटू पूर्वाफल्गु टेटोपाप्युत्तरं तथा ॥ ४१४ ॥
पूषाणाठा हस्ततारा पेपोरारी तु चित्रका ।
रूरेरोता स्मृता स्वाती तीतूतेतो विशाखिका ॥ ४१५ ॥
नानीनूनेऽनुराधर्क्षं ज्येष्ठा नोयायियू स्मृता ।
येयोभाभी मूलतारा पूर्वाषाढा भुधाफढा ॥ ४१६ ॥
भेभोजाज्युत्तराषाढा जूजेजोखाऽभिजिद्भवेत् ।
खीखूखेखो श्रवणभं गागीगूगे धनिष्ठिका ॥ ४१७ ॥

गोसासोसू शतभिषक्सेसोदादी तु पूर्वभाक् ।
दुथाझाञोत्तरा ज्ञेया देदोचाचो तु रेवती ॥ ४१८ ॥

वृश्चिक, कुम्भ इन लग्नों में शिशु को पूर्वदिशा को शिर करके प्रथम मञ्चकारोहण करावे तो शुभ है ॥ ४९९ ॥

पालना का मुहूर्त—

आन्दोलशयनं पुंसो द्वादशे दिवसे शुभम् ।
त्रयोदशे तु कन्याया न नक्षत्रविचारणा ॥ ५०० ॥

टीका—जन्म होने के उपरान्त पुत्र को बारहवें और कन्या को तेरहवें दिवस पालना में शयन करावे और नक्षत्र आदि के विचार की कुछ आवश्यकता नहीं है॥५००॥

बृहस्पति के मतानुसार दुग्धपान मुहूर्त—

एकत्रिंशद्दिने चैव पयः शङ्खेन पाययेत् ।
अन्नप्राशननक्षत्रदिवसोदयराशिषु ॥ ५०१ ॥

टीका—जन्म होने के पश्चात् ३१ वें दिन अन्नप्राशन के नक्षत्र में जो आगे वर्णित है। शङ्ख में दूध भर के बालक को पिलाना चाहिये ॥ ५०१ ॥

ताम्बूलभक्षण—

सार्द्धमासद्वये दद्यात्ताम्बूलं प्रथमं शिशोः ।
कर्पूरादिकसंमिश्रं विलासाय हिताय च ॥ ५०२ ॥

मूले च त्वाष्ट्रकरतिष्यहरीन्द्रभेषु पौष्णे तथा मृगशिरेऽदितिवासवेषु ।
अर्केन्दुजीवभृगुबोधनवासरेषु ताम्बूलभक्षणविधिर्मुनिभिः प्रदिष्टः॥५०३

टीका—जन्म होने के उपरान्त ढाई मास में कपूर आदि पदार्थ से मिश्रित कर ताम्बूल खवावे और मूल, चित्रा, हस्त, पुष्य, ज्येष्ठा, रेवती, मृगशिर, पुनर्वसु, धनिष्ठा और सोम, गुरु, शुक्र, इन वारों में मुनीश्वरों ने ताम्बूल भक्षण करना शुभ कहा है ॥ ५०२-५०३ ॥

निष्क्रमण—

हस्तः पुष्यपुनर्वसू हरियुगं मैत्रत्रयं रोहिणी
स्वात्युत्तरफल्गुनीमृगयुतपाढोत्तरास्वातिभे ।
मासो तुर्यतृतीयको शनिकुजौ त्यक्त्वा च रिक्तातिथिं
सिंहादित्रयकुम्भराशिसहितं निष्कासनं शस्यते ॥ ५०४ ॥

टीका--हस्त, पुष्य, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मल, रोहिणी, रेवती, उत्तराफल्गुनी, मृगशिर, उत्तराषाढा, स्वाती और चौथा या तीसरा मास ये शुभ है और शनि, भौमवार, रिक्तातिथि वर्जनीय है और सिंह, कन्या, तुला, कुम्भ ये लग्न उत्तम हैं ऐसे शुभ दिन विचार के प्रथम घर के बाहर निकाल कर सूर्यावलोकन कराना चाहिये ॥ ५०४ ॥

कर्णवेध--

रोहिण्युत्तरमूलमैत्रमृगभे विष्णुत्रयेऽर्कत्रये
रेवत्यां च पुनर्वसुद्वययुगे कर्णस्य वेधः शुभः ।
मीने स्त्रीधनुमन्मथेषु च घटे वर्षे च युग्मे तिथौ
सौम्ये चेन्दुगुरौ रवौ च शयनं त्यक्त्वा च विष्णोर्बुधैः ॥ ५०५ ॥

टीका--रोहिणी, तीनो उत्तरा, मूल, अनुराधा, मृगशिर श्रवण, धनिष्ठा, [illegible] हस्त, चित्रा और युग्मतिथि तथा युग्मवर्ष और चन्द्र गुरु [illegible] विष्णुशयन को छोड़ कर पण्डितों ने कर्णवेध के लिये शुभ कहा है ॥ ५०५ ॥

बालक को पृथ्वी मे बैठाना--

पञ्चमे च तथा मासि भूमौ तमुपवेशयेत् ।
तत्र सर्वे ग्रहाः शस्ता भौमोऽप्यत्र विशेषतः ॥ ५०६ ॥
उत्तरात्रितयं सौम्यं पुष्यर्क्षं [illegible]दैवतम् ।
प्राजापत्यं च हस्तश्च शतमाश्विनमित्रभम् ॥ ५०७ ॥

टीका--पॉचवें मास मे रविवार आदि समस्त वार शुभ है [illegible] करके और तीनो उत्तरा, मृगशिर, पुष्य, ज्येष्ठा, रोहिणी हस्त, [illegible] ये नक्षत्र शुभ है । ऐसे दिवस में शिशु को भूमि पर बैठाना [illegible] ॥ ५०७ ॥

[illegible] --

पूर्वार्द्राभरणी भुजङ्गवरुणा त्यक्त्वा [illegible]
नन्दां पर्व च सप्तमीमपि तथा रिक्ता[illegible] ।
षष्ठे मास्यथवान्नभ[illegible] [illegible]
[illegible] [illegible] ॥ ५०८ ॥

यज्ञोपवीत का मुहूर्त—

पूर्वाषाढहरित्रयेऽश्विमृगभे हस्तत्रये रेवती—
ज्येष्ठापुष्यभगेषु चोत्तरगते भानौ च पक्षे सिते ।
गोमीनप्रमदा धनुर्वनचरे शुक्रेर्कजीवे तिथौ
पञ्चम्यां दशमीत्रये व्रतमहश्चैवादिजन्मद्वये ॥ ५१२ ॥

टीका—पूर्वाषाढ, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, अश्विनी, मृगशिरा, हस्त, चित्रा, ाती, रेवती, ज्येष्ठा, पुष्य, पूर्वाफल्गुनी और उदगयन अर्थात् उत्तरायण, शुक्लपक्ष, , मीन, कन्या, धन, सिंह ये लग्न और शुक्र, रवि, सोम ये वार, पञ्चमी तथा दशमी ादि तीन अर्थात् १० । ११ । १२ तिथियो में यज्ञोपवीत करना शुभ है ॥ ५१२ ॥

मासादि मुहूर्त—

प्रं वसन्ते क्षितिपं निदाघे वैश्यं घनान्ते व्रतिनं विदध्यात् ।
घादिशुक्रान्तिकपञ्चमासाः साधारणा वा सकला द्विजानाम्॥५१३॥

टीका-ब्राह्मणो का वसन्त मे, क्षत्रियो का ग्रीष्म मे, वैश्यो का शरद् ऋतु में ोपवीत करावे, ऐसे वर्णों के मतानुसार व्रतबन्ध का ऋतु कहा है, माघ से ज्येष्ठ र्यन्त ५ मास समस्त द्विजो को साधारण कहे हैं ॥ ५१३ ॥

वर्णसंख्या—

गर्भाष्टमेऽष्टमे वाब्दे पञ्चमे सप्तमेऽपि वा ।
द्विजत्वं प्राप्नुयाद्विप्रो वर्षे त्वेकादशे नृपः ॥ ५१४ ॥

टीका-गर्भ से अथवा जन्म से आठवे पाँचवे अथवा सातवें वर्ष में ब्राह्मण का र ग्यारहवें में क्षत्रियो का यज्ञोपवीत करना उचित है ॥ ५१४ ॥

गुरुबल—

वर्णाधिपे बलोपेते उपनीतिक्रिया हिता ।
सर्वेषां च गुरौ सूर्ये चन्द्रे च बलशालिनि ॥ ५१५ ॥

टीका-वर्ण के अधिपति के अनुसार बल देखिये और सबों को गुरु, सूर्य, चन्द्रमा ा बल चाहिये ॥ ५१५ ॥

टीका—तीनों पूर्वा, आर्द्रा, भरणी, आश्लेषा और भौम, शनि और नन्दा, पर्व रिक्ता और सप्तमी और द्वादशी इन सबको छोड़ कर छठे अथवा आठवें मास में बालक का और कन्या को पांचवें मास में या विषम मास में अन्नप्राशन कराना शुभ है। वृष, मिथुन, मकर, कन्या इन लग्नों का बल पाकर शुक्लपक्ष तथा शुभयोग में बालक को अन्नप्राशन कराना चाहिये ॥ ५०८ ॥

चौलकर्म—

रेवत्याद्यकरत्रयादितिमृगज्येष्ठासु विष्णुत्रये
पुष्ये चोत्तरगे तथा गुरुकवीन्दुज्ञेषु पक्षे सिते।
गोस्त्रीमन्मथचापकुम्भमकरे हित्वा च रिक्तातिथिं
षष्ठीं पर्व तथाष्टमीमपि सिनीवालीं च चुडा शुभा ॥ ५०९ ॥
जन्मतस्तु तृतीयेऽब्दे श्रेष्ठमिच्छन्ति पण्डिताः।
पञ्चमे सप्तमे वापि जन्मतो मध्यमं भवेत् ॥ ५१० ॥

टीका—रेवती, अश्विनी, हस्त, चित्रा, स्वाती, पुनर्वसु, मृगशिर, ज्येष्ठा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पुष्य नक्षत्र में और उत्तरायण, शुक्र, गुरु, सोम, बुधवार और शुक्ल पक्ष मुण्डन में शुभ है और वृष, कन्या, मिथुन, धन, मकर, कुम्भ इन लग्नों को छोड़कर शेष शुभ जानिये और रिक्ता, षष्ठी, अष्टमी, अमावास्यादिक दुष्टतिथि वर्जित हैं और जन्म दिवस से तीसरे वर्ष में पण्डितों ने श्रेष्ठ और पाँचवें या सातवें वर्ष में मध्यम कहा है ॥ ५०९-५१० ॥

विद्यारम्भ का मुहूर्त—

रेवत्यां मृगपञ्चके हरियुगे पूर्वासु हस्तत्रये
मूलेऽश्वे ह्यभिजित्सुभानुभृगुजे सौम्ये धनुर्जीवयोः।
अब्दे पञ्चमके विहाय निखिलानध्यायषष्ठीयुतां
रिक्तां सौम्यदिने तथैव विबुधैः प्रोक्तो मुहूर्तः शुभः ॥५११

टीका—रेवती, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुण्य, आश्लेषा, श्रवण, घनिष्ठा, पूर्वा, चित्रा, स्वाती, मूल, अश्विनी, अभिजित् और रवि, गुरु, शुक्र, बुध, सोम ये ब जन्म से पाँचवाँ वर्ष शुभ कहा है। अनध्याय, षष्ठी, रिक्ता, पर्व, आदि दुष्ट यो दिक और तिथि वर्जनीय हैं। उत्तरायण शुभ लग्नों में प्रथम विद्याभ्यास करावे ॥५१

यज्ञोपवीत का मुहूर्त—

पूर्वाषाढहरित्रयेऽश्विमृगभे हस्तत्रये रेवती—
ज्येष्ठापुष्यभगेषु चोत्तरगते भानौ च पक्षे सिते ।
गोमीनप्रमदा धनुर्वनचरे शुक्रेर्कजीवे तिथौ
पञ्चम्यां दशमीत्रये व्रतमहश्चैवादिजन्मद्वये ॥ ५१२ ॥

टीका—पूर्वाषाढ, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, अश्विनी, मृगशिरा, हस्त, चित्रा, ाती, रेवती, ज्येष्ठा, पुष्य, पूर्वाफल्गुनी और उदगयन अर्थात् उत्तरायण, शुक्लपक्ष, प, मीन, कन्या, धन, सिंह ये लग्न और शुक्र, रवि, सोम ये वार, पञ्चमी तथा दशमी ादि तीन अर्थात् १० । ११ । १२ तिथियो में यज्ञोपवीत करना शुभ है ॥ ५१२ ॥

मासादि मुहूर्त—

ेप्रं वसन्ते क्षितिपं निदाघे वैश्यं घनान्ते व्रतिनं विदध्यात् ।
ाघादिशुक्रान्तिकपञ्चमासाः साधारणा वा सकला द्विजानाम्॥५१३॥

टीका-ब्राह्मणों का वसन्त मे, क्षत्रियो का ग्रीष्म मे, वैश्यो का शरद् ऋतु में ज्ञोपवीत करावे, ऐसे वर्णों के मतानुसार व्रतबन्ध का ऋतु कहा है, माघ से ज्येष्ठ र्यन्त ५ मास समस्त द्विजो को साधारण कहे हैं ॥ ५१३ ॥

वर्णसंख्या—

गर्भाष्टमेऽष्टमे वाब्दे पञ्चमे सप्तमेऽपि वा ।
द्विजत्वं प्राप्नुयाद्विप्रो वर्षे त्वेकादशे नृपः ॥ ५१४ ॥

टीका-गर्भ से अथवा जन्म से आठवे पाँचवे अथवा सातवें वर्ष में ब्राह्मण का ौर ग्यारहवें में क्षत्रियो का यज्ञोपवीत करना उचित है ॥ ५१४ ॥

गुरुबल—

वर्णाधिपे बलोपेते उपनीतिक्रिया हिता ।
सर्वेषां च गुरौ सूर्ये चन्द्रे च बलशालिनि ॥ ५१५ ॥

टीका-वर्ण के अधिपति के अनुसार बल देखिये और सबों को गुरु, सूर्य, चन्द्रमा ा बल चाहिये ॥ ५१५ ॥

गलग्रह—

त्रयोदश्यादिचत्वारि सप्तम्यादितिथित्रयम्।
चतुर्थ्येकाकिनी प्रोक्ता अष्टावेव गलग्रहाः॥ ५१६॥

टीका–त्रयोदशी से प्रतिपदा तक चार तिथि और सप्तमी, अष्टमी, नवमी और चतुर्थी ये आठ तिथि गलग्रह हैं सो वर्जनीय हैं॥ ५१६॥

शूद्रादिकों के संस्कार का मुहूर्त—

मूलार्द्राश्रवणाद्विदैववसुभे पुष्ये तथा चाश्विभे
रेवत्यां मृगरोहिणी दितिकरे मैत्रे तथा वारुणे।
चित्रास्वातिमथोत्तराभृगुसुते भौमे तथा चन्द्रजे
शूद्राणां तु बुधैः शुभं हि कथितं संस्कारकर्मोत्तमम्॥५१७॥

टीका–मूल, आर्द्रा, श्रवण, विशाखा, धनिष्ठा, पुष्य, अश्विनी, रेवती, मृगशिरा, रोहिणी, पुनर्वसु, हस्त, अनुराधा, शतभिषा, चित्रा, स्वाती, तीनों उत्तरा ये नक्षत्र और शुक्र, भौम, बुध ये वार शूद्रादिक सङ्कर अन्त्यजादिकों के संस्कार में शुभ हैं॥५१७॥

विवाहप्रकरणम्।

पहले दैवज्ञ की पूजा—

दैवज्ञं पूजयेदादौ फलताम्बूलपूर्वकैः।
निवेदयेत्सुमनसा स्वकन्योद्वहनादिकम्॥ ५१८॥

टीका–प्रथम ज्योतिषी की यथाशक्ति फल ताम्बूलपूर्वक पूजा करना उसके पीछे कन्या का पिता कन्या के विवाह का शुभाशुभ प्रश्न करे॥ ५१८॥

विवाहसमय में प्रश्न—

ओजभांशगतौ शशिभार्गवौ तनुगृहं बलिनौ यदि पश्यतः।
वरलाभमिमौ यदा युगलभांशगतौ युवतिप्रदौ॥ ५१९॥

प्रश्नकाल में चन्द्र, शुक्र ग्रह विषम राशि में हों वा अंश में हों और दोनों लग्न को देखते हों तो कन्या को पति-प्राप्ति जानना और सम राशि में में चन्द्र, शुक्र हों तो वर को स्त्री-प्राप्ति कहना शुभ है॥ ५१९॥

प्रष्टुर्विलग्नात्प्रबलः शशाङ्कः शत्रुस्थितो मृत्युगृहस्थितो वा ।
यद्यष्टमाब्दात्परतो विवाहात्करोति मृत्युं वरकन्ययोश्च ॥५२०॥

टीका-जो प्रश्न-लग्न से बलवान् चन्द्रमा षष्ठ अथवा अष्टम स्थान मे बैठा हो तो विवाह से अष्टम वर्ष में स्त्री, पुरुष दोनो को अरिष्ट जानना ॥ ५२० ॥

यद्युदयस्थश्चन्द्रस्तस्माद्यदि सप्तमो भवेद्भौमः ।
समाष्टकं स जीवति विवाहकालात्पर पुरुषः ॥ ५२१ ॥

टीका-जो प्रश्न-लग्न में चन्द्रमा हो और चन्द्रमा से सप्तम स्थान में मङ्गल हो विवाह से अष्टम वर्ष में पति को अरिष्ट जानना ॥ ५२१ ॥

स्वनीचगः शत्रुदृष्टः पापः पञ्चमगो यदा ।
मृतपुत्रां करोत्येव कुलटां च न संशयः ॥ ५२२ ॥

टीका-जो प्रश्नकाल मे पापग्रह अपने नीच स्थान में हो अथवा शत्रुदृष्ट होते हों अथवा पापग्रह पञ्चम स्थान में बैठा हो तो सन्ताननाश और स्त्री वेश्या हो ऐसा जानना ॥ ५२२ ॥

भिद्यति यद्युदकुम्भः शयनासनपादुकासु भङ्गो वा ।
प्रश्नसमयेऽपि यस्यास्तस्या वैधव्यमादेश्यम् ॥ ५२३ ॥

टीका-जो विवाह के प्रश्नकाल मे अकस्मात् जलकुम्भ का भङ्ग हो अथवा शय्या नाश, आसन-भङ्ग, पादुका-भङ्ग, ऐसा जिस कन्या के विवाहप्रश्न-समय में हो तो उसका विधवायोग जानना ॥ ५२३ ॥

ज्येष्ठ का विचार--

अज्येष्ठा कन्यका यत्र ज्येष्ठपुत्रो वरो यदि ।
व्यत्ययो वा तयोस्तत्र ज्येष्ठो मासः शुभप्रदः ॥ ५२४ ॥

टीका-जो कन्या ज्येष्ठ न हो और पुरुष ज्येष्ठ हो, ऐसा दोनों का भेद हो तो ज्येष्ठ मास में विवाह करना शुभ है ॥ ५२४ ॥

वर्षप्रमाण--

षडब्दमध्ये नोद्वाह्या कन्या वर्षद्वयं यतः ।
सोमो भुङ्क्ते ततस्तद्वद्गन्धर्वश्च तथानलः ॥ [illegible] ॥

टीका-प्रथम ६ वर्ष तक कन्या का विवाह नहीं करना चाहिये । कारण यह है कि प्रथम दो वर्ष चन्द्रमा भोग करता है, तदनन्तर दो वर्ष गन्धर्व भोग करते हैं उसके उपरान्त २ वर्ष अग्निदेव भोग करते हैं, तदनन्तर विवाह करना शुद्ध जानना ॥५२५॥

अष्टवर्षा भवेद्गौरी नववर्षा तु रोहिणी ।
दशवर्षा भवेत्कन्या द्वादशे वृषली मता ॥ ५२६ ॥
गौरीदानान्नागलोकं वैकुण्ठं रोहिणीं ददत् ।
कन्यादानाद् ब्रह्मलोकं रौरवं तु रजस्वलाम् ॥ ५२७ ॥

टीका-आठ वर्ष की कन्या को गौरी, नव वर्ष की कन्या को रोहिणी, दशवर्ष की अवस्था में कन्या, और बारह वर्ष की युवती को शूद्रा कहते है। गौरीदान से नागलोक-प्राप्ति, रोहिणीदान से वैकुण्ठ प्राप्ति, कन्यादान से ब्रह्मलोक-प्राप्ति शूद्रीदान से घोर नरक की प्राप्ति होती है ॥ ५२६-५२७ ॥

विवाहो जन्मतः स्त्रीणां युग्मेऽब्दे पुत्रपौत्रदः ।
अयुग्मे श्रीप्रदः पुंसां विपरीतस्तु मृत्युदः ॥ ५२८ ॥

टीका-स्त्री का विवाह जन्म से सम वर्ष में करने से पुत्र पौत्र की प्राप्ति और पुरुष का जन्म से विषम वर्ष में विवाह हो तो लक्ष्मीप्राप्ति, अन्यथा मृत्युप्राप्ति होती है ॥ ५२८ ॥

कन्या द्वादशवर्षाणि याऽदत्ता वसेद् गृहे ।
ब्रह्महत्या पितुस्तस्याः सा कन्या वरयेत्स्वयम् ॥ ५२९ ॥

टीका-यदि कन्या १२ वर्ष की अवस्था में पिता के घर में रहे तो पिता को ब्रह्महत्या का दोष होता है, तदनन्तर कन्या को अधिकार है कि अपनी इच्छा से पति को वरे। यह आचार्य की सम्मति है ॥ ५२९ ॥

मङ्गल-विचार—

लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे ।
पत्नी हन्ति स्वभर्तारं भर्ता भार्यां विनाशयेत् ॥ ५३० ॥

स्त्री को और पुरुष को मङ्गल रहना है उसका प्रकार जन्म-लग्न से या १ । १२ । ४ । ७ । ८ इतने स्थानों में हो तो मङ्गली या मङ्गला होता है। स्त्री

मङ्गली से मङ्गला पुरुष को विवाह करना अथवा पुरुष के गुरु बलवान् हो तो भी विवाह करना ॥ ५३० ॥

भौम-परिहार—

जामित्रे च यदा सौरिर्लग्ने वा हिबुकेऽथवा ।
अष्टमे द्वादशे चैव भौमदोषो न विद्यते ॥ ५३१ ॥

टीका—स्त्री को अथवा पुरुष को ७ । १ । ४ । ८ । १२ । जो इतने स्थानों में शनि हो तो मङ्गल का दोष नहीं होता ॥ ५३१ ॥

ज्येष्ठविचार—

टीका-प्रथम ६ वर्ष तक कन्या का विवाह नहीं करना चाहिये। कारण यह कि प्रथम दो वर्ष चन्द्रमा भोग करता है, तदनन्तर दो वर्ष गन्धर्व भोग करते हैं उसके उपरान्त २ वर्ष अग्निदेव भोग करते हैं, तदनन्तर विवाह करना शुद्ध जानना ॥२५॥

अष्टवर्षा भवेद्गौरी नववर्षा तु रोहिणी ।
दशवर्षा भवेत्कन्या द्वादशे वृषली मता ॥ ५२६ ॥
गौरीदानान्नागलोकं वैकुण्ठं रोहिणीं ददत् ।
कन्यादानाद् ब्रह्मलोकं रौरवं तु रजस्वलाम् ॥ ५२७ ॥

टीका-आठ वर्ष की कन्या को गौरी, नव वर्ष की कन्या को रोहिणी, दशवर्ष की अवस्था में कन्या, और बारह वर्ष की युवती को शूद्रा कहते हैं। गौरीदान से नागलोक-प्राप्ति, रोहिणीदान से वैकुण्ठ प्राप्ति, कन्यादान से ब्रह्मलोक-प्राप्ति, शूद्रीदान से घोर नरक की प्राप्ति होती है ॥ ५२६-५२७ ॥

विवाहो जन्मतः स्त्रीणां युग्मेऽब्दे पुत्रपौत्रदः ।
अयुग्मे श्रीप्रदः पुंसां विपरीतस्तु मृत्युदः ॥ ५२८ ॥

टीका-स्त्री का विवाह जन्म से सम वर्ष में करने से पुत्र पौत्र की प्राप्ति और पुरुष का जन्म से विषम वर्ष में विवाह हो तो लक्ष्मीप्राप्ति, अन्यथा मृत्युप्राप्ति होती है ॥ ५२८ ॥

कन्या द्वादशवर्षाणि याऽप्रदत्ता वसेद् गृहे ।
ब्रह्महत्या पितुस्तस्याः सा कन्या वरयेत्स्वयम् ॥ ५२९ ॥

टीका-यदि कन्या १२ वर्ष की अवस्था में पिता के घर में रहे तो पिता को हत्या का दोष होता है, तदनन्तर कन्या को अधिकार है कि अपनी इच्छा से वर को वरे। यह आचार्य की सम्मति है ॥ ५२९ ॥

मङ्गल-विचार—

लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे ।
पत्नी हन्ति स्वभर्तारं भर्ता भार्यां विनाशयेत् ॥ ५३० ॥

टीका स्त्री को और पुरुष को मङ्गल रहता है उसका प्रकार जन्म-लग्न से या से १। १२। ४। ७। ८ इतने स्थानों में हो तो मङ्गली या मङ्गला होता है। स्त्री

मङ्गली से मङ्गला पुरुष को विवाह करना अथवा पुरुष के ग्रह बलवान् हों तो भी विवाह करना ॥ ५३० ॥

भौम-परिहार—

जामित्रे च यदा सौरिर्लग्ने वा हिबुकेऽथवा ।
अष्टमे द्वादशे चैव भौमदोषो न विद्यते ॥ ५३१ ॥

टीका—स्त्री को अथवा पुरुष को ७ । १ । ४ । ८ । १२ । जो इतने स्थानों में शनि हो तो मङ्गल का दोष नहीं होता ॥ ५३१ ॥

ज्येष्ठविचार-

द्विज्येष्ठौ मध्यमौ प्रोक्तावेकज्येष्ठः शुभावहः ।
ज्येष्ठत्रयं न कुर्वीत विवाहे सर्वसम्मतेः ॥ ५३२ ॥

टीका—पुरुष ज्येष्ठ अथवा कन्या ज्येष्ठ हो अथवा ज्येष्ठ मास हो तो दोनों दो ज्येष्ठ की अवस्था में विवाह करना मध्यम है और एक ज्येष्ठ में करना शुभ है और पुरुष ज्येष्ठ, स्त्री ज्येष्ठ, मास ज्येष्ठ अर्थात् तीनों ज्येष्ठ हों तो विवाह करना वर्जित है ॥ ५३२ ॥

टीका—जिस स्त्री की बोली हंस के सदृश मीठी हो, शुभवर्ण हो, नेत्र मधु सदृश के तुल्य हो अथवा पिङ्गल अर्थात् कुछ सफेद व कुछ काला हो, यदि ऐसी स्त्री से विवाह हो तो गृहस्थ को सुख प्राप्त होता है ॥ ५३५ ॥

वरलक्षण—

जातिविद्यावयःशीलमारोग्यं बहुपक्षता ।
अर्थित्वं वित्तसम्पत्तिरष्टावेते वरे गुणाः ॥ ५३६ ॥

टीका—वर के लक्षण—जाति में उत्तम हो और विद्यायुक्त हो, वय में तरुण हो और स्वभाव अच्छा हो और निरोगी हो, परिवार बहुत हो, स्त्री की इच्छा हो, धन सम्पत्ति हो ऐसे आठ लक्षणों से युक्त वर हो तो कन्या को देना चाहिये ॥ ५३६ ॥

कन्यादोष—

दीर्घनासां च लम्बोष्ठां चित्रां घर्घरनिस्वनाम् ।
सरोगां भ्रातृरहितां दुर्गन्धां परिवर्जयेत् ॥ ५३७ ॥

टीका—लम्बी नासिका वाली, लम्बे ओठ वाली, कुष्ठरोग वाली और जिसकी बोली घर्घराती हो, रोगिणी हो, जिसके भाई न हों और जिसके देह से दुर्गन्ध आती हो उसके साथ विवाह न करे ॥ ५३७ ॥

वरदोष—

दूरस्थानामविद्यानां मोक्षधर्मानुवर्तिनाम् ।
शूराणां निर्धनानां च न देया कन्यका बुधैः ॥ ५३८ ॥

टीका—पण्डित जनों को चाहिये कि दूर रहने वाले मूर्ख मोक्षधर्मी (योगाभ्यासी) युद्ध करने वाले और दरिद्री पुरुष को कन्या न दें ॥ ५३८ ॥

अस्तोदय—

प्रागुद्गतः शिशुरहस्त्रितयं सितस्यात्पश्चाद्दशाहमिहपञ्चदिनानिवृद्धः ।
प्राक्पक्ष एव गदितोऽत्र वसिष्ठमुख्यैर्जीवस्तु पक्षमपि वृद्धशिशुर्विवर्ज्यः ॥

टीका—पूर्व में शुक्र का उदय हो तो तीन दिन बालपन और अस्त हो तो पन्द्रह दिन वृद्धत्व वर्जित है, पश्चिम को उदय हो तो पांच दिन शिशुपन और १० दिन वृद्धत्व वर्जित है और गुरु के उदय अस्त में १५ दिन वर्जनीय है ॥ ५३९ ॥

अस्त और उदय का लक्षण—

यमशरैर्भुजवासरवज्रिणो दिशि द्विसप्तसितास्तमन तथा ।
गगनबाणयमैर्दिशि पश्चिमे नवदिनास्तमनं तु भृगोर्बुधैः ॥५४०॥

टीका—२५२ दिन शुक्र पूर्व दिशा मे उदय रहता है और ७२ दिन अस्त रहता है। और २५० दिवस पश्चिम में उदय रहता है फिर ९ दिन में अस्त होता है यह पण्डितों ने कहा है ॥ ५४० ॥

कलांश से उदय और अस्त का विचार—

दसेन्दवः १२ शैलभुवश्च १७ शक्रा १४-
श्चन्द्रा ११ खचन्द्रा १० स्तिथयः १५ क्रमेण ।
चन्द्रादितः काललवा निरुक्ता
ज्ञशुक्रयोर्वक्रयोर्द्विहीना ॥ ५४१ ॥

टीका—चन्द्रादिक ग्रहो के क्रम से १२।१७।१४।११।१०।१५ [illegible] । अर्थात् सूर्य के अंश से इतने अंश के भीतर ग्रह रहने से अस्त रहता है जैसे भौम का [illegible] १७ है तो रवि और भौम का अन्तर जब तक १७ अंश से न्यून रहेगा तब तक भौम का अस्त रहेगा । इसी तरह सब ग्रहों [illegible] बुध और शुक्र वक्री हों तो [illegible] में दो न्यून करना ॥ ५४१ ॥

विवाह में वर्जनीय--

नाषाढप्रभृतिचतुष्टये विवाहो ना पौषे न च मधुसंज्ञके विधेयः ।
नैवास्तं गतवति भार्गवे च जीवे वृद्धत्वे न खलु तयोर्न बालभावे ॥५४३॥
गीर्वाणमन्त्रिणि मृगेन्द्रमधिष्ठिते न
मासेऽधिके त्रिदिनसंस्पृशि नामभे च ।

टीका--आषाढ़ आदि लेकर ४ मास और पौष चैत्र मास और गुरु, शुक्र का अस्त और इन दोनों का वृद्धत्व और बालत्व और सिंह का बृहस्पति, अधिकमास तथा क्षयमास इत्यादि विवाह में वर्जित है ॥ ५४३ ॥

मूलादि जन्मनक्षत्र का दोष--

मूलजा च गुणान् हन्ति व्यालजा कुलटाङ्गना ।
विशाखजा देवरघ्नी ज्येष्ठजा ज्येष्ठनाशिका ॥ ५४४ ॥

टीका-मूल नक्षत्र में कन्या का जन्म हो तो गुणों का नाश करे, आश्लेषा में व्यभिचारिणी, विशाखा में देवर की मृत्युकारक और ज्येष्ठ में ज्येष्ठ के मृत्युदायक होती है ॥ ५४४ ॥

जन्मनक्षत्रादि में वर्ज्य--

जन्मर्क्षे जन्मदिवसे जन्ममासे शुभं त्यजेत् ।
ज्येष्ठे मास्याऽऽद्यगर्भस्य शुभ्रवस्त्रं स्त्रियो यथा ॥ ५४५ ॥
अज्येष्ठा कन्यका यत्र ज्येष्ठपुत्रो वरो यदि ।
व्यत्ययो वा तयोस्तत्र ज्येष्ठो मासः शुभप्रदः ॥ ५४६ ॥

टीका--जन्म के नक्षत्र, दिवस और मास में बालकों को शुभ कर्म वर्जित हैं। सधवा स्त्रियों को श्वेत वस्त्र धारण करना । और जो कन्या कनिष्ठ हो तथा वर ज्येष्ठ हो अथवा इससे विपरीत हो तो ज्येष्ठ मास में विवाह शुभ है ॥ ५४५-५४६ ॥

वर्षप्रमाण--

जन्मतो गर्भाधानाद्वा पञ्चमाब्दात्परं शुभम् ।
कुमारीवरणं दानं मेखलाबन्धनं तथा ॥ ५४७ ॥

गुरुचन्द्रबल—

स्त्रीणां गुरुबलं श्रेष्ठं पुरुषाणां रवेर्बलम् ।
तयोश्चन्द्रबलं श्रेष्ठमिति गर्गेण भाषितम् ॥ ५४८ ॥

टीका-स्त्रियों को गुरु का बल और पुरुषों को रवि का बल और दोनों को चन्द्रमा का बल गर्ग मुनि ने श्रेष्ठ कहा है ॥ ५४८ ॥

गुरु का फल—

नष्टात्मजा धनवती विधवा कुशीला
पुत्रान्विता गतधवा सुभगा विपुत्रा ।
स्वामिप्रिया विगतपुत्रधवा धनाढ्या
वन्ध्या भवेत् सुरगुरौ क्रमशोऽभिजन्म ॥ ५४९ ॥

टीका-जो कन्या के जन्म-स्थान में बृहस्पति हो तो विवाह के अनन्तर पुत्र की मृत्यु होती है, द्वितीय में धनवती, तृतीय में विधवा, चतुर्थ में दुश्चरित्रा, पञ्चम में पुत्रवती, षष्ठ में पतिनाश, सप्तम में सौभाग्यवती, अष्टम में पुत्रनाश, नवम में पतिप्रिया, दशम में बालक तथा पति का नाश, एकादश में धनाढ्य द्वादश में बाँझ ऐसे क्रम से फल जानिये ॥ ५४९ ॥

गुरु अनुकूल करने का विचार—

जन्मत्रिदशमारिस्थः पूजया शुभदो गुरुः ।
विवाहे च चतुर्थाष्टद्वादशस्थो मृतिप्रदः ॥ ५५० ॥

टीका—जन्म, तृतीय, षष्ठ और दशम में गुरु हो तो नेष्ट है, परन्तु पूजा करने से शुभ फलदायक होता है और चौथे में, अष्टम में, द्वादश में मृत्यु करता है, यह विचार विवाह में करना उचित है ॥ ५५० ॥

गुरु का विचार —

द्वितीये पञ्चमे चैव सप्तमे नवमे तथा
एकादशे सुराचार्यो कन्यायाः शुभकारकः ॥ ५५१ ॥

टीका—कन्या के जन्म-राशि से २ । ५ । ७ । ९ । ११ स्थानों में गुरु हो तो कन्या का विवाह शुभ होता है। इसी प्रकार बटुक के उपनयन में भी देखना ॥ ५५१ ॥

वर को रवि का विचार—

तृतीयः षष्ठगश्चैव दशमैकादशस्थितः ।
रविः शुद्धो निगदितो वरस्यैव करग्रहे ॥ ५५२ ॥
जन्मन्यथ द्वितीये पञ्चमे सप्तमेऽपि वा ।
नवमे च दिवानाथे पूजया पाणिपीडनम् ॥ ५५३ ॥
चतुर्थे चाष्टमे चैव द्वादशे च दिवाकरे ।
विवाहितो वरो मृत्युं प्राप्नोत्यत्र न संशयः ॥ ५५४ ॥

टीका—वर के जन्म-राशि से ३ । ६ । १० । ११ इन स्थानों में रवि हो तो विवाह शुभ होता है और १ । २ । ५ । ७ । ९ इन स्थानो में हो तो पूजा करने से शुभ होता है और ४।८।१२ इन स्थानो मे हो तो पूजा करने से भी शुभ नहीं होता है ॥५५२–५५४॥

अष्टमैत्रीज्ञान—

वर्णो वश्य तथा तारा योनिग्रहगणौ तथा ।
भकूटं नाडिमैत्री च इत्येताश्चात्र मैत्रिकाः ॥ ५५५ ॥

टीका—वर्ण, वश्य, तारा, योनि, ग्रहगण, भकूट, नाड़ी और मैत्री इन आठ[illegible] विवाह में विचारना योग्य है ॥ ५५५ ॥

वर्णों का ज्ञान—

मीनालिकर्कटा विप्राः नृपाः सिंहाजधन्विनः ।
कन्यानक्रवृषा वैश्याः शूद्रा युग्मतुलाघटाः ॥ ५५६ ॥

टीका—मीन, वृश्चिक और कर्क राशि वाला ब्राह्मण वर्ण । सिंह, मेष और धन राशि वाला क्षत्रिय वर्ण । कन्या, मकर और वृष राशिवाला वैश्य वर्ण । तथा मिथुन तुला और कुम्भ राशिवाला शूद्र वर्ण होता है ॥ ५५६ ॥

वश्यों का ज्ञान—

द्वन्द्वचापघटकन्यातुला मानवा अजवृषौ चतुष्पदौ ।
कर्कमीनमकरा जलोद्भवाः केसरी [illegible] ॥५५७॥

टीका—मिथुन धन, कुम्भ, कन्या और तुला ये मानव [illegible] मेष और [illegible] और कर्क मीन और मकर [illegible]

वश्यावश्य ज्ञान--

हित्वा मृगेन्द्रं नरराशिवश्याः सर्वे तथैषां जलजाश्च भक्ष्याः।
सर्वेऽपि सिंहस्य वशे विनाऽलिं ज्ञेयं नराणां व्यवहारतोऽन्यत् ॥५५८

टीका—सिंह को छोड़ सभी मनुष्य के वश में हैं और जलचर भक्ष्य हैं। सिंह के भी वृश्चिक छोड़ सभी वश में हैं बाकी मनुष्यों के व्यवहार से समझना ॥ ५५८॥

तारावल —

कन्यर्क्षाद्वरभं यावत्कन्याभं वरभादपि।
गणयेन्नवभिः शेषे त्रिष्वद्रिभमसत्स्मृतम् ॥ ५५९ ॥

टीका—वधू के नक्षत्र से वर के नक्षत्र तक जो नक्षत्र-संख्या हो उसमें नव के अंक का भाग दे,जो शेष तीन अथवा सात बचे तो अशुभ और सब शुभ होते हैं। ऐसे ही वर के नक्षत्र से वधू के नक्षत्र तक गिन कर पूर्ववत् प्रमाण लिखे अनुसार जानना॥५५९॥

योनि —

अश्वो गजश्छागसर्पौ सर्पश्वानौ विडालकाः।
मेषो विडालकश्चैव मूषको मूषकश्च गौः ॥ ५६० ॥
महिषी च ततो व्याघ्रो महिषो व्याघ्रकः क्रमात्।
मृगो मृगस्तथा श्वा च कपिर्नकुल एव च ॥ ५६१ ॥
नकुलो वानरः सिंहस्तुरगो मृगराट् पशुः।
आधोरणः क्रमेणैव अश्विन्यादिभयोनयः ॥ ५६२ ॥

वैरयोनि —

गोव्याघ्रं गजसिंहमश्वमहिषं श्वैणं च बभ्रूरगं
वैरं वानरमेषयोश्च सुमहत्तद्वद्विडालोन्दुरु।
लोकानां व्यवहारतोऽन्यदपि तज्ज्ञात्वा प्रयत्नादिदं
दम्पत्योर्नृपभृत्ययोरपि सदा वर्ज्यं शुभस्यार्थिभिः ॥५६

टीका—इन श्लोकों का अर्थ चक्र में देखिये ॥ ५६०-५६३ ॥

राशियों के स्वामी-

नक्षत्रराशिज्ञान —

अश्विनी भरणी कृत्तिकापादमेकं मेषः

कृत्तिकापादत्रयं रोहिणी मृगशिरार्द्धं वृषभः ॥

मृगशिरोऽर्द्धमार्द्रा पुनर्वसुपादत्रयं मिथुनम् ।

पुनर्वसोः पादमेकं पुष्यमाश्लेषान्तं कर्कटकः ॥

मघा पूर्वा उत्तरापादमेकं सिंहः ।

उत्तरापादत्रयं हस्तश्चित्रार्द्धं कन्या ॥

चित्रार्द्धं स्वाती विशाखापादत्रयं तुला ।

विशाखापादमेकमनुराधाज्येष्ठान्तं वृश्चिकः ॥

मूलं पूर्वाषाढा उत्तराषाढापादमेकं धनुः ।

उत्तराषाढापादत्रयं श्रवणो धनिष्ठार्धं मकरः ॥

धनिष्ठार्द्धं शततारका पूर्वाभाद्रपदापादत्रयं कुम्भः ।

पूर्वाभाद्रपदापादमेकमुत्तराभाद्रपदारेवत्यन्तं मीनः

टीका—चन्द्रमा सवा दो नक्षत्र एक राशि भोगते हैं इस प्रकार से इनका भोग का क्रम और आद्य-मध्य तथा आदि नाड़ी का क्रम चक्र से जानना

नवपञ्चक—

मीनालिभ्यां युते कीटे कुम्भे मिथुनसंयुते ।
मकरे कन्यकायुक्ते न कुर्यान्नवपञ्चकं ॥ ४७२ ॥

टीका—मीन से नव के अन्तर पर वृश्चिक, वृश्चिक से नव पंचम के प्रकार कर्क मीन का और वृश्चिक मीन का, कुम्भ मिथुन का, मकर कन्या का इन २ राशियों के नवपञ्चक होते हैं, वे वर्जित हैं ॥ ४७२ ॥

मृत्युषडष्टक—

मेषकन्यकयोश्चैव तुलामीनकयोस्तथा ।
कुम्भाल्योस्तु वृषेज्ययो मृत्युर्वै नक्रसिंहयोः ॥ ४७३ ॥
कुम्भकर्कटयोश्चैव वृषकोदण्डयोस्तथा ॥

टीका—मेष और कन्या ये परस्पर छठे और आठवें हों इसी रीति से तुला और मीन, मिथुन, वृश्चिक, मकर, सिंह, कुम्भ, कर्क और वृष, धन इन दो २ राशियों का मृत्युषडष्टक कहलाता है सो वर्जित है ॥ ४७३ ॥

प्रीतिषडष्टक—

सिंहो मीनयुतश्चैव तुला वृषयुता तथा ।
धनुः कर्कयुतं चैव कुम्भकन्यकयोस्तथा ॥ ४७४ ॥
नक्रस्य मिथुने प्रीतिरजालयोः प्रीतिरुत्तमा ॥

टीका—सिंह, मीन, तुला, वृष। कुम्भ, कन्या, मकर, मिथुन, मेष, वृश्चिक और धनु कर्क इन दो २ राशियों का प्रीतिषडष्टक होता है सो शुभ है ॥ ४७४ ॥

द्विर्द्वादश—

मेषझषौ वृषमिथुनौ कर्कहरी तुलकन्यके ।
अलिधनुषी मकरकुम्भावेतौ द्विर्द्वादश राशी ॥ ४७५ ॥

टीका—मेष, मीन, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, तुला, कन्या, वृश्चिक, धनु और मकर कुम्भ ये दो २ राशि दूसरे, बारहवें होने से द्विर्द्वादश हैं सो वर्जनीय है ॥ ४७५ ॥

चतुर्थ, दशम, तृतीय, एकादश, उभयसप्तम—

चतुर्थो दशमश्चैव तृतीयैकादशः शुभः ।
उभयोः सप्तमः साम्यमकर्जं शुभमुच्यते ॥ ४७६ ॥

टीका—वधू और वर की परस्पर राशि चतुर्थ दशम अथवा तृतीय एकादश हो तो शुभ और दोनों सप्तम सम हों अथवा एक नक्षत्र हो तो शुभ जानिये ॥ ४७६ ॥

नवपञ्चक—

मीनालिभ्यां युते कीटे कुम्भे मिथुनसंयुते।
मकरे कन्यकायुक्ते न कुर्यान्नवपञ्चकं ॥ ५७२ ॥

टीका—मीन से नव के अन्तर पर वृश्चिक, वृश्चिक से मीन पाँचवें इसी प्रकार कर्क मीन का और वृश्चिक मीन का, कुम्भ मिथुन का, मकर कन्या का इन २ राशियों के नवपञ्चक होते हैं, ये वर्जित हैं ॥ ५७२ ॥

मृत्युषडष्टक—

मेषकन्यकयोश्चैव तुलामीनकयोस्तथा।
कुम्भाल्योस्तु वृषेऽयो मृत्युर्वै नक्रसिंहयोः ॥ ५७३ ॥
कुम्भकर्कटयोश्चैव वृषकोदण्डयोस्तथा ॥

टीका—मेष और कन्या ये परस्पर छठे और आठवें हों इसी रीति से तुला और मीन, मिथुन, वृश्चिक, मकर, सिंह—कुम्भ, कर्क और वृष, धन इन दो राशियों का मृत्युषडष्टक कहलाता है सो वर्जित है ॥ ५७३ ॥

प्रीतिषडष्टक—

सिंहो मीनयुतश्चैव तुला वृषयुता तथा।
धनुः कर्कयुतं चैव कुम्भकन्यकयोस्तथा ॥ ५७४ ॥
नक्रस्य मिथुने प्रीतिरजाऽल्योः प्रीतिरुत्तमा ॥

टीका—सिंह, मीन, तुला, वृष। कुम्भ, कन्या, मकर, मिथुन, मेष,वृश्चिक और धनु, कर्क इन दो २ राशियों का प्रीतिषडष्टक होता है सो शुभ है ॥ ५७४ ॥

द्विर्द्वादश—

मेषझषौ वृषमिथुनौ कर्कहरी तुलकन्यके।
अलिधनुषी मकरकुम्भावेता द्विर्द्वादशे राशी ॥ ५७५ ॥

टीका—मेष,मीन, वृष,मिथुन,कर्क, सिंह, तुला,कन्या, वृश्चिक, धनु और मकर, ये दो २ राशि दूसरे, बारहवें होने से द्विर्द्वादश हैं सो वर्जनीय हैं ॥ ५७५ ॥

चतुर्थ, दशम, तृतीय, एकादश, उभयसप्तम—

चतुर्थो दशमश्चैव तृतीयैकादशः शुभः।
उभयोः सप्तमः साम्यमेकर्क्षं शुभमुच्यते ॥ ५७६ ॥

टीका—वधू और वर की परस्पर राशि चतुर्थ दशम अथवा तृतीय एकादश हो तो शुभ और दोनों सप्तम सम हो अथवा एक नक्षत्र हो तो शुभ जानिये ॥ ५७६ ॥

ग्रहों का शत्रुत्व, समत्व और मित्रत्व—

शत्रू मन्दसितौ समश्च शशिजो मित्राणि शेषा रवे-
स्तीक्ष्णांशुर्हिमरश्मिजश्च सुहृदौ शेषाः समाः शीतगोः ।
जीवेन्दूष्णकराः कुजस्य सुहृदो ज्ञोऽरिः सितार्कि समौ
मित्रे सूर्यसितौ बुधस्य हिमगुः शत्रुः समाश्चापरे ॥५७७॥
सूरेः सौम्यसितावरी रविसुतो मध्यो परे त्वन्यथा
सौम्यार्की सुहृदौ समौ कुजगुरू शुक्रस्य शेषावरी ।
शुक्रज्ञौ सुहृदौ समः सुरगुरुः सौरस्य त्वन्ये रवे-
र्ये प्रोक्ताः सुहृदस्त्रिकोणभवनात्तेऽमी मया कीर्तिताः ॥५७८॥

टीका—इन श्लोको का आशय चक्र में देखिये ॥ ५७७-५७८ ॥

ग्रहनाम	रवि	चन्द्र	भौम	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
शत्रु	शनि शुक्र	०	बुध	चन्द्र	बुध शुक्र	सूर्य चन्द्र	रवि [illegible]
सम	बुध	शुक्र गुरु भौमशनि	शुक्र शनि	भौम गुरु शनि	शनि	गुरु मङ्गल	गुरु
मित्र	चन्द्र गुरु मङ्गल	रवि बुध	चन्द्र गुरु सूर्य	सूर्य शुक्र	सूर्य [illegible]	[illegible]	[illegible]

[illegible] से ग्रहों का मिलान—

योनि के गुण—

महावैरे च वैरे च स्वस्वभावे यथाक्रमात्।
मैत्र्ये चैवातिमैत्र्ये च खेन्दुद्वित्रिचतुर्गुणाः ॥ ५८१ ॥

टीका—महावैर का गुण०, दोनो की शत्रुता का गुण १, स्वभाव के गुण २, दोनों मित्रता का गुण ३ और अतिमित्रता के गुण ४ जानिये ॥ ५८१ ॥

स्पष्टार्थ योनिचक्र—

	अश्व	गज	मेष	सर्प	श्वान	मार्जार	मूषक	गौ	महिष	व्याघ्र	मृग	वानर	नकुल	सिंह
अश्व	४	२	२	३	२	२	२	१	०	१	३	३	२	१
गज	२	४	३	३	२	२	२	२	[illegible]	१	२	३	२	०
मेष	२	३	४	२	१	२	१	३	३	१	२	०	३	१
सर्प	३	३	२	४	२	१	१	१	१	२	२	२	०	२
श्वान	२	२	१	२	४	२	१	२	२	१	०	२	१	१
मार्जार	२	२	२	२	२	४	०	२	[illegible]	१	३	३		२
मूषक	२	२	१	१	१	०	४	२	२	२	२	२	२	१
गौ	१	२	३	२	२	२	२	४	३	०	३	२	२	१
महिष	०	३	३	२	२	२	२	३	४	१	२	२	२	२
व्याघ्र	१	२	१	१	१	१	२	०	१	४	१	२	२	२
मृग	३	२	३	२	२	३	२	३	२	१	४	[illegible]	२	२
वानर	३	३	०	२	२	३	२	२	[illegible]	१	२	४	[illegible]	
नकुल	२	३	३	०	०	२	१	२	१	२	२	२	४	[illegible]
सिंह	१	०	१	२	२	१	१	१	[illegible]	२	[illegible]	[illegible]	१	४

ग्रहमैत्री में वर के गुण—

कन्या के गुण—	सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.
सूर्य	५	५	५	३	५	०	०
चन्द्र	५	५	४	१	४	॥	॥
मंगल	५	४	५	॥	५	३	॥
बुध	३	१	॥	५	॥	५	४
गुरु	५	४	५	॥	५	॥	३
शुक्र	५	॥	५	५	॥	५	५
शनि	०	॥	॥	४	३	५	५

वर के गण गुण—

कन्या के गुण—	देवता	मनुष्य	राक्षस
देवता	६	५	१
मनुष्य	६	६	०
राक्षस	६	०	६

नाड़ी के गुण—

भिन्न नाड़ी के गुण ८ एक नाड़ी के गुण ०

वर के नाडी गुण—

कन्या के गुण—	आदि	मध्य	अन्त्य
आदि	०	८	८
मध्य	८	०	८
अन्त्य	८	८	०

सत्कूट के गुण—

राशि एक भिन्न चरण वा भिन्न नक्षत्र इनके गुण ७ तृतीय-एकादश इनके और भिन्नराशि वा नक्षत्र एक इनके गुण ७ प्रीतिषडष्टक अथवा द्विर्द्वादशक वा नवपञ्चक इनके वरदूरत्व योनिशत्रुता होने पर भी भकूट के गुण ६ होते हैं॥

असत्कूट के लक्षण

वर योनि मैत्र व स्त्रीदूरत्व हो तो षडष्टक द्विर्द्वादश नवपञ्चमादि दुष्ट कूटों के गुण ४ जानिये॥

योनि मैत्र व स्त्री दूरत्व इन में से एक हो तो दुष्ट कूट का गुण एक जानिये। एक नक्षत्र वा एक चरण॥

भकूट चक्र—

	मे.	वृ.	मि.	क.	सि.	क	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.
मे.	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७	७
वृ	७	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७
मि	०	७	७	०	७	७	०	०	७	०	७	७
क	७	०	७	७	०	७	७	०	०	७	०	७
सिं.	०	७	०	७	७	०	७	७	०	०	७	०
क	०	०	७	०	७	७	०	७	०	०	०	७
तु.	७	०	०	७	०	७	७	०	७	७	०	०
वृ	०	७	०	०	७	०	७	७	७	७	७	०
ध.	०	०	७	०	०	७	०	७	७	०	७	७
म	७	०	०	७	७	०	७	०	०	७	०	७
कुं.	७	७	०	०	७	०	०	७	७	७	७	०
मी.	०	७	७	०	७	७	०	०	७	०	७	७

इस प्रकार गणों का मिलान १८ गुण से अधिक हो तो विवाह शुभ, न्यून हो तो अशुभ है।

वर्ण के फल—

या स्याद्वर्णाधिका कन्या भर्ता तस्या न जीवति ।
यदि जीवति भर्ता तु ज्येष्ठपुत्रो विनश्यति ॥ ५८२ ॥

टीका—कन्या का वर्ण वर से श्रेष्ठ हो तो उसका पति अथवा ज्येष्ठ पुत्र का नाश होता है ॥ ५८२ ॥

वैरयोनि का फल—

जैसे अश्व और भैंस की वैरयोनि है इसी प्रकार वधू और वर की वैरयोनि विचारनी चाहिये और राजा सेवक इत्यादि को भी विचारनी चाहिये, इस से शुभ की इच्छा करने वाले को परस्पर वैरयोनि वर्जित है ॥

गणों का फल—

स्वगणे चोत्तमा प्रीतिर्मध्यमा नरदेवयोः ।
कलहो देवदैत्यानां मृत्युर्मानवरक्षसाम् ॥ ५८३ ॥

टीका—दोनो का एक गण हो तो उत्तम प्रीति, मनुष्य और देव मे मध्यम प्रीति, देव और दैत्य में कलह, मनुष्य और राक्षस गण से मृत्यु होती है ॥ ५८३ ॥

कूट का फल—

षडष्टकेऽपमृत्युः पञ्चमनवमेऽनपत्यता ज्ञेया ।
द्विर्द्वादशे निर्धनता शेषेषु मध्यमता ज्ञेया ॥ ५८४ ॥

टीका—दोनो को षडष्टक मृत्युकारक और नवपञ्चम अनपत्यकारक और द्विर्द्वादश निर्धनताकारक, शेष मध्यम जानिये ॥ ५८४ ॥

नाडी का फल—

